राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख एक समर्पित राष्ट्र नायक थेः प्रोफेसर मनदीप शर्मा

जबलपुर। आज दिनांक 11/10/24 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 108 वीं जयंती के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवम् नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवम् शोध संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में **"राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की संकल्पना का विकसित भारत"** विषय पर विस्तृत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय कुलगुरू प्रो. मनदीप शर्मा जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय सभागार परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवम् प्रान्त संघ चालक डॉ. प्रदीप दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अशोक मिश्रा, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, रक्षा मंत्रालय उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित नानाजी देशमुख की प्रतिमा में गणमान्य अतिथियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवम् सभागर में छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पांजलि अर्पण के साथ किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में माननीय कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा जी ने कहा कि नानाजी के ग्रामीण विकास मॉडल आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने जो सोचा जो बोला वह करते भी थे, सरलता भी थी, न कोई सम्मान कि अपेक्षा, ऐसे थे नानाजी। आपने कहा कि नानाजी देशमुख एक समर्पित राष्ट्र नायक थे। आपने आध्यात्मिक प्रसंगो के उदाहरण देते हुए स्मरण दिलाये।

नानाजी देशमुख प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के सचिव डॉ आशीष मिश्रा ने संस्थान का परिचय एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप दुबे, प्रांत संघचालक, महाकोशल प्रांत ने अपने उदबोधन मे कहा कि नानाजी देशमुख ने एक व्यावहारिक ग्रामीण विकास का मॉडल दिया। नानाजी ने ग्राम सुधार, कृषि, स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं स्वरोजगार के क्षेत्र मे व्यवहारिक कार्य किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अशोक मिश्रा ने कहा कि नानाजी देशमुख ने सामाजिक क्षेत्रों के महत्वपूर्ण आयामों में उल्लेखनीय कार्य किया। आपने कहा कि नानाजी ने एकात्म मानववाद के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्री कांत जोशी, डॉ. लखानी, डॉ. एस. एस. तोमर, डॉ. अमित झा, डॉ. अतुल दुबे, श्री बसंत मिश्रा, एड सचिन अग्रवाल, श्री संदीप जैन गुड्डा, डॉ. राम सेवक चौबे, जयप्रकाश शुक्ला, डॉ विशाल बने, विक्रम परमार अजय मिश्रा एवम् प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारीगण सहित विश्वविद्यालय के सभी उच्च अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष मिश्रा एवं आभार डॉ. रामकिंकर मिश्रा जी द्वारा किया है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर